# BOARD KRUTIPATRIKA : JULY 2017
# HINDI (ENTIRE)

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 80**

**सूचनाएँ : -** (1) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य तथा पूरक पठन की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।

(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें।

(3) रचना विभाग तथा व्याकरण विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।


(4) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

## विभाग 1 – गद्य

**20 अंक**

**कृ.1.(क) परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **[8]**

**(1) संजाल पूर्ण कीजिए:** **(2)**




> पंडित परमसुख पहुँचे और कोरम पूरा हुआ। पंचायत बैठी – सास जी, मिसरानी, किसनू की माँ, छन्नू की दादी और पंडित परमसुख ! बाकी स्त्रियाँ बहू से सहानुभूति प्रकट कर रही थीं।
> किसनू की माँ ने कहा, "पंडित जी, बिल्ली की हत्या करने से कौन नरक मिलता है?"
> पंडित परमसुख जी ने पत्रा देखते हुए कहा, "बिल्ली की हत्या अकेले से तो नरक का नाम नहीं बतलाया जा सकता, वह महूरत भी मालूम हो जब बिल्ली की हत्या हुई, तब नरक का पता लग सकता है।"
> "यही कोई सात बजे सुबह!" मिसरानी ने कहा।
> पंडित परमसुख ने पत्रे के पन्ने उलटे, अक्षरों पर उँगलियाँ चलाईं, मत्थे पर हाथ लगाया और कुछ सोचा। चेहरे पर धुँधलापन आया, माथे पर बल पड़े, नाक कुछ सिकुड़ी और स्वर गंभीर हो गया, "हरे कृष्ण ! हरे कृष्ण ! बड़ा बुरा हुआ ! प्रात:काल ब्रह्ममुहूर्त में बिल्ली की हत्या ! घोर कुंभीपाक नरक का विधान है ! रामू की माँ, यह तो बड़ा बुरा हुआ !" रामू की माँ की आँखों में आँसू आ गए, "तो फिर पंडित जी, अब क्या होगा, आप ही बतलाएँ।"

**(2) उचित जोड़ मिलाइए:** **(2)**

| क्र. | 'अ' | | 'आ' |
|---|---|---|---|
| १. | उँगलियाँ | अ. | सिकुड़ना |
| २. | स्वर | ब. | धुँधला होना |
| ३. | चेहरा | क. | चलाना |
| ४. | नाक | ड. | गंभीर होना |
| | | इ. | आँसू आना |

(3) i. **उचित शब्द चुनकर वाक्य फिर से लिखिए:** (1)


1. रामू की ________ ने बिल्ली की हत्या की योजना बनाई। (बहू/बहु)
2. प्रायश्चित का विधान सुनकर ________ हैरान हो गई। (साँस/सास)

ii. **परिच्छेद में प्रयुक्त किन्हीं दो विरामचिह्नों के नाम लिखिए।** (1)

(4) **समाज में प्रचलित दो अंधश्रद्धाएँ बताकर उन्हें दूर करने के लिए अपने सुझाव लगभग 8 से 10 वाक्यों में लिखिए।** (2)

**(ख) परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** [8]

(1) **संजाल पूर्ण कीजिए:** (2)




बसंत के आगमन के साथ ही कभी-कभी ऐसा लगता है मानो जंगल में लाल रंग की लपटें उठ रही हों, ये लपटें आग की नहीं बल्कि पलाश के नारंगीपन लिए लाल फूलों की होती हैं। पलाश के लाल-लाल फूल आग की लपटों के समान ही दिखाई देते हैं। इसीलिए इसे 'फ्लेम ऑफ द फायर' कहा जाता है।

पलाश भारतीय मूल का एक प्राचीन वृक्ष है। इसे आदिदेव ब्रह्मा और चंद्रदेव से संबंधित अलौकिक वृक्ष माना जाता है। इसमें एक ही स्थान पर तीन पत्ते होते हैं। इस पर एक कहावत प्रचलित है – 'ढाक के तीन पात'। इसकी लकड़ी का हवन में उपयोग किया जाता है। इसीलिए इसे याज्ञिक भी कहते हैं। यज्ञ में काम आने वाले पात्र भी पलाश की लकड़ी से बनाए जाते हैं।

वेदों, पुराणों, स्मृतियों से लेकर रामायण, महाभारत और वर्तमान समय के ग्रंथों में पलाश के विषय में मनोहारी विवरण देखने को मिलते हैं।

(2) i. **निम्नलिखित विधानों के सामने केवल एक ही शब्द में उत्तर लिखिए:** (1)

1. भारतीय मूल का प्राचीन वृक्ष –
2. एक अलौकिक वृक्ष –

ii. **उत्तर लिखिए:** (1)

1. परिच्छेद में प्रयुक्त कहावत –
2. आग की लपटों के समान दिखाई देने वाले पलाश के फूलों को कहा जाता है –

(3) i. **निम्नलिखित अर्थ सूचित करने वाले परिच्छेद में आए शब्द ढूँढ़कर लिखिए:** (1)

1. हवन में काम आने वाली लकड़ियाँ
2. मन को लुभाने वाला।


ii. **परिच्छेद में प्रयुक्त विरुद्ध अर्थ के शब्द लिखिए:** **(1)**

1. निर्गमन × _______ ।
2. लौकिक × _______ ।

**(4) 'वृक्षों की उपयोगिता' के बारे में लगभग 8 से 10 वाक्यों में अपने विचार लिखिए।** **(2)**

**(ग) अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **[4]**

**1. संजाल पूर्ण कीजिए:** **(2)**




कुछ लोग त्वरित आहार (Fast Food) खाना पसंद करते हैं। इन खाद्य पदार्थों में पौष्टिक तत्त्व न के बराबर होते हैं। वहीं, फल आदि खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। खाना तभी खाना चाहिए जब भूख लगी हो न कि घड़ी के हिसाब से। चार छः घंटे बाद खाना ठीक होता है। स्वस्थ रहने के लिए तथा वजन घटाने के लिए व्यायाम करना तथा सही अल्पाहार लेना जरूरी है। इन दोनों से भूख पर नियंत्रण रहता है। सभी लोग स्वस्थ रहना चाहते हैं पर व्यायाम करना तथा अपने खान-पान पर नियंत्रण रखना पसंद नहीं करते। त्याग बिना कुछ नहीं मिलता।


**2. 'खान-पान' के बारे में अपने विचार लगभग 8 से 10 पंक्तियों में लिखिए।** **(2)**

## विभाग 2 – पद्य

**16 अंक**

**2. (च) पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **[8]**

**(1) संजाल पूर्ण कीजिए:** **(2)**




जैसी परै सो सहि रहै, कहि रहीम यह देह।
धरती पर ही परत है, शीत, घाम और मेह।।
धन थोरो इज्जत बड़ी, कह रहीम की बात।
जैसे कुल की कुलबधू, चिथड़न मांह समात।।
पावस देखि रहीम मन, कोइल साधे मौन।
अब दादुर वक्ता भए, हमको पूछत कौन।।
समय लाभ सम लाभ नहिं, समय चूक सम चूक।
चतुरन चित रहिमन लगी, समय चूक की हूक।।

**(2) i. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:** **(1)**

1. पावस देखि रहीम मन, ________ साधे मौन।

2. धन थोरो ________ बड़ी, कह रहीम की बात।

**ii. प्रस्तुत पद्यांश में प्रयुक्त दो ऋतुओं के नाम लिखिए।** **(1)**

**(3) सारणी की सहायता से समान अर्थ के शब्द ढूँढ़कर लिखिए:** **(2)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| में | × | व | × |
| य | व | भू | क्त |
| मि | य | फा | र्षा |
| ढ़ | × | क | × |

धरती =

दादुर =


समय =

पावस =

**(4) प्रथम दोहे का भावार्थ सरल हिंदी में लिखिए।** **(2)**

**(छ) पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **[8]**

**(1) संजाल पूर्ण कीजिए:** **(2)**




मत डर प्रलय-झकोरों से तू,
बढ़ आशा-हलकोरों से तू,
क्षण में यह अरिदल मिट जाएगा तेरे पंखों में पिसकर।
खग, उड़ते रहना जीवन भर।
यदि तू लौट पड़ेगा थककर,
अंधड़ कालबवंडर से डर,
प्यार तुझे करने वाले ही देखेंगे तुझको हँस-हँसकर।
खग, उड़ते रहना जीवन भर।

**(2) उत्तर लिखिए:** **(2)**

i. खग से मिलने वाली प्रेरणा -

ii. खग के लौटकर आने का परिणाम -

**(3) पद्यांश में ढूँढ़कर उत्तर लिखिए:** **(2)**

i. पद्यांश में **दो** बार आई हुई पंक्ति –

ii. पद्यांश में लय-संगीत निर्माण करने वाली **दो** शब्द-जोड़ियाँ –


**(4) अंतिम चार पंक्तियों का भावार्थ सरल हिंदी में लिखिए।** **(2)**

## विभाग 3 – पूरक पठन

**4 अंक**

**3. परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:**

**(1) संजाल पूर्ण कीजिए :** **(2)**




थिंफू भूटान की वर्तमान राजधानी का नगर है। यह साढ़े सात हजार फुट की ऊँचाई पर है। यह प्राकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से काठमांडू या दार्जिलिंग से किसी भी माने में कम नहीं है। इस नगर के सारे मकान भूटानी प्रणाली के थे और सरल रेखा में खड़े थे। हर मकान को अनुक्रमांक दिया हुआ था। थिंफू की जनसंख्या केवल पच्चीस हजार है, जबकि पूरे भूटान की जनसंख्या सिर्फ सवा लाख है।

थिंफू में एक बैंक है – बैंक ऑफ भूटान। उसकी कलापूर्ण इमारत देखते ही बनती है। उसकी साज-सज्जा किसी विलासी राजा के रंगमहल से कम नहीं है।

'बैंक ऑफ भूटान' से हमने भूटानी मुद्रा ले ली । उसे 'गुलत्रम' कहते हैं । उसका मूल्य हमारे एक रुपए के बराबर था। सौ 'छेलत्रम' का एक 'गुलत्रम' बनता है । विशेष बात यह कि भूटान में भारतीय मुद्रा का भी आम प्रचलन है। दोनों मुद्राओं का भूटान में प्रयोग किया जाता है। इससे भूटान जाते समय 'डॉलर' खरीदने का झंझट नहीं रहता।

**(2) 'विदेशी मुद्रा की आवश्यकता' पर अपने विचार लगभग 6 से 8 वाक्यों में लिखिए।** **(2)**

## विभाग 4 – व्याकरण

**10अंक**

**4. सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:** **[10]**

**(1) i. निम्नलिखित शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए:** **(½)**

प्रशंसा ।

**ii. अधोरेखांकित शब्द का भेद पहचानिए:** **(½)**

<u>मेरा</u> कुछ कसूर नहीं ।

**(2) निम्नलिखित वाक्य शुद्ध करके लिखिए:** **(1)**

मुझे अपने शिष्य के अंतिम उपदेश देना दो ।

**(3) सहायक क्रिया छाँटकर लिखिए:** **(1)**

माँ हाथ बाँधकर कुर्सी में बैठी रही ।

**(4) क्रिया के प्रथम तथा द्वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए:** **(1)**

मानना।

**(5) i. अव्यय का वाक्य में प्रयोग कीजिए:** **(1)**

लेकिन।

**ii. अव्यय पहचानकर उसका भेद लिखिए:** **(1)**

अरे ! क्या है ?

(6) **काल परिवर्तन कीजिए:** (2)

वे तोलकर बोलते थे ।

सामान्य भूतकाल ________

सामान्य भविष्यकाल ________

(7) i. **मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:** (1)

कान खड़े रहना।

ii. **अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन कर वाक्य फिर से लिखिए:** (1)

गांधीजी के दर्शन के लिए आश्रम में हमेशा लोगों की भीड़ लगी रहती।

(ताता बँधा रहना, जान में जान आना)

## विभाग 5 – रचना विभाग

**30 अंक**

**सूचना: आवश्यकतानुसार परिच्छेद में लेखन अपेक्षित है।**

5. (1) **निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए:** (5)

'स्वच्छता अभियान' के अंतर्गत अपनी कॉलोनी से कूड़े-कचरे के ढेर उठाने के कारण प्रसन्न होकर, अमित/अमिता पाटील, एकता कॉलोनी, कोल्हापुर से मा. स्वास्थ्य अधिकारी, महानगरपालिका, कोल्हापुर को पत्र लिखकर अभिनंदन करता/करती है।

**अथवा**

'क्रीड़ा सामग्री पर 60 प्रतिशत छूट' यह जानकारी पाकर छात्र प्रतिनिधि के नाते, मा. व्यवस्थापक, क्वालिटी स्पोर्ट्स, लक्ष्मी रोड, नारायण पेठ, पुणे 30 क्रीड़ा सामग्री की माँग करता है।

(2) **कहानी लेखन :**

**निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दों में कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए:** (5)

अवनिश नाम का लड़का — जन्मदिवस अलग ढंग से मनाने की जिद करना — माँ के साथ बाजार जाना — मिठाइयाँ और खिलौने खरीदना — लौटते समय सिग्नल के पास उतरना — वहाँ खड़े गरीब बच्चों में मिठाई और खिलौने बाँटना — उनके चेहरे की खुशियाँ देखकर खुश होना — माँ को अभिमान होना।


(3) **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पाँच ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर एक-एक वाक्य में हों:** (5)

पर्यावरण प्रदूषण किसी एक देश की नहीं, सारी दुनिया की समस्या बन गई है। मनुष्य ने तकनीकी विकास के सहारे प्रकृति को जीतने की कोशिश की है। वही तकनीकी ज्ञान आज मानव-अस्तित्व का खतरा बन गया है। आज हवा दूषित हो रही है। जल गंदा हो रहा है। जंगल शनैः शनैः काटे जा रहे हैं। यदि यह सब अधिक समय तक चलता रहा तो हवा व पानी समस्त जीवित प्राणियों के लिए दूषित बन जाएगा। अत: अभी से ही हमें इस ओर ध्यान देना होगा। बड़े औद्योगिक कारखाने, यातायात की वृद्धि तथा शहरों की भीड़-भाड़ ने हमारे पर्यावरण पर सबसे बुरा प्रभाव डाला है। आज नदियों का पानी अत्यधिक प्रदूषित है।

6. **(1) प्रसंग लेखन (लगभग 60 से 80 शब्दों में ) :** **(5)**

वन महोत्सव का दिन था। पाठशाला में छोटे-छोटे पौधे बाँटे जा रहे थे। यह देखकर मेरे मन में विचार आए..........

**(2) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर विज्ञापन तैयार कीजिए (लगभग 50 से 60 शब्दों में ):** **(5)**




**(3) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए (लगभग 60 से 80 शब्दों में):** **(5)**

i. मैं साइकिल बोल रही हूँ..........

ii. विविधता में एकता।